# कांग्रेस व कुंवर दानिश अली ने किया परिचय सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

## 2024 चुनाव की लड़ाई है यह बहुत ही महत्वपूर्ण लड़ाई है क्योंकि यह चुनाव तय करेगा कि लोकतंत्र बचेगा या नही

तेजयुग न्यूज/अनुज चौधरी

**गढ़मुक्तेश्वर :** इस दौरान प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी अमरोहा कुंवर दानिश अली ने कहा कि मेरी अमरोहा लोकसभा के पदाधिकारी का परिचय सम्मेलन में यहां गढ़मुक्तेश्वर में उपस्थित होने का मौका मिला सबसे पहले में इंडिया गठबंधन के आदरणीय राहुल गांधी अखिलेश यादव को आदरणीय अरविंद केजरीवाल और इंडिया गठबंधन के जो दूसरे घटक दल है और उन सबको मैं धन्यवाद देता हूं कि इन लोगों ने इंडिया गठबंधन में इंडियन नेशनल कांग्रेस में मेरे ऊपर विश्वास जताते हुए अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया यह लड़ाई 2024 चुनाव की लड़ाई है यह बहुत ही महत्वपूर्ण लड़ाई है क्योंकि यह चुनाव तय करेगा कि लोकतंत्र बचेगा या नहीं ओर यह लोकतंत्र संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक चलेगा कि नहीं जिस तरीके का माहौल बनाया जा रहा है कि भाजपा 400 पार यह कुछ नहीं है केवल एक नॉरेटिव बनाने की कोशिश है मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जब 2004 में भाजपा की सरकार थी तब उसे वक्त एक इंडियन शाइनिंग कैंपेन मीडिया के थरू चलाया गया था लेकिन जब रिजल्ट आए जनता ने वोट किया तो बीजेपी कहीं नहीं रही उसे वक्त सिर्फ भारत को मीडिया के जरिए चमकने का कैंपेन चल रहा था।




आज जो मैं क्षेत्र में घर घर जाकर कैंपेन कर रहा हूं तो देख रहा हूं कि किसान वर्तमान में भाजपा सरकार का विरोध कर रहा है किसान नौजवान परेशान है नौकरियां नहीं मिल रही है वैकेंसी निकाल दी जाती हैं और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग पेपर लीक कर देते हैं क्योंकि सरकार नौकरी नहीं देना चाहती ना तो किसानों की आमदनी दोगुना हुई लागत 4 गुना बढ़ गई गन्ना किसानों का बकाया भुगतान 14 दिन में करने की बात कही गई थी सिंभावली शुगर मिल का विगत वर्ष का गन्ना भुगतान भी अभी जाकर पूरा हुआ है यह साल भी पूरा होने जा रहा है और जनवरी का भुगतान भी पूरा नहीं हो पाया है सरकार सिर्फ लोगों को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है 400 का गैस सिलेंडर 1100 का हो गया 60 लीटर डीजल 90 में मिल रहा है महंगाई इतनी हो गई है इनके पास किसी बात का जवाब नहीं है और जब किसान दिल्ली में आकर अपनी मांग रखते हैं तो उन पर गोलियां चलाई जाती हैं आंसू गैस के गोले दागे जाते हैं लाठियां चलाई जाती हैं जब नौजवान सड़क पर निकलता है तो उन पर फूल बरसाए जाते हैं किंतु जब वह नौकरी की बात करते हैं उनके ऊपर लाठियां बरसाई जाती है यह दोहरा चरित्र सरकार का सबके सामने बेनकाब हो चुका है कांग्रेस और गठबंधन नौजवानों छात्रों और किसानों के मुद्दों को लेकर चुनाव में जाएगा किसानो और छात्रों नौजवानों के साथ जो अन्याय हुआ है जो हमारे पहलवान बेटियों के साथ अन्याय हुआ है जो हमारी हाथरस उन्नाव की बहनों के साथ अन्याय हुआ है जो मणिपुर की हमारी महिला बहनों के साथ अन्याय हुआ है।

इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी और गठबंधन चुनाव में भाजपा सरकार को हारने का काम करेगा जनता का भरोसा कांग्रेस और गठबंधन को मिल रहा है जनता दूसरी बार मुझे इसलिए चुन रही है क्योंकि पिछले जितने सांसद इस लोकसभा में हुए हैं किसी ने भी पार्लियामेंट में क्षेत्र की समस्याओं को नहीं उठाया हमने 5 साल तक क्षेत्र की समस्याओं को पार्लियामेंट में उठाकर एक रिकॉर्ड बना दिया हमारा एक कदम पार्लियामेंट में होता था और दूसरा कदम क्षेत्र में होता था हमने अमरोहा लोकसभा के अंदर जो बिजली के जर्जर तार थे उन्हें दुरुस्त करने का कार्य किया 132 करोड रुपए केवल अमरोहा लोकसभा के लिए आवंटित हुए डेढ़ सौ किलोमीटर की सड़के बनवाने का कार्य किया हमारे क्षेत्र के तीन रेलवे स्टेशन अमरोहा गजरौला और गढ़मुक्तेश्वर के सौंदर्य करण के लिए काम आरंभ हमने कराया हमने प्रधानमंत्री और मंत्रियों से वार्ता करके इन स्टेशनों का सौंदर्य करण करने का कार्य किया जो एनएच 9 हमारी लोकसभा में बन रहा है इसमें हमने 07 अंडर पास दिलाने का कार्य किया भाजपा के प्रत्याशी का विरोध पूरे क्षेत्र में हो रहा है जगह-जगह विरोध के पोस्टर लगे हैं किसानों ने गांव में ने घुसने के बैनर लगा दिए हैं कि भाजपा के प्रत्याशी गांव में नहीं घुसेंगे मैंने बृजघाट टोल का मुद्दा भी पार्लियामेंट में उठाया।

उक्त कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट रिजवान समाजवादी पार्टी बबलू उर्फ आनंद भाटी जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी शहजाद चौधरी सपा नरेंद्र सोलंकी जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी डॉक्टर शोएब प्रदेश सचिव कांग्रेस पार्टी मुकेश कौशिक जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी अयूब सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष सपा साजिद चौधरी जिला उपाध्यक्ष सपा बबलू यादव जिला सचिव सपा इदरीश कुरैशी अंबर अहमद योगेश त्यागी सुबोध त्यागी राकेश गिरी डॉक्टर फ्राइम युसूफ अली सतीश त्यागी हाजी इजलाल अहमद आदेश गोस्वामी संजय यादव रिजवान चौधरी आदि लोग मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में 75 प्रतिशत मुस्लिम 25 प्रतिशत अन्य समाज के लोग मौजूद रहे उक्त कार्यक्रम 14:10 पर सकुशल संपन्न हो गया और गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी अमरोहा कुवर दानिश अली अमरोहा के लिए प्रस्थान कर गए।

# 83 करोड़ से बन रहे गंगा नदी पर निर्माणधीन पुल गिरा



तेजयुग न्यूज/विकास त्यागी

**बुलंदशहर :** स्याना.. ऊंचागांव क्षेत्र में 83 करोड़ की लागत से बन रहे गंगा नदी पर निर्माणधीन पुल भरभराकर गिर गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जांच कमेटी गठित करी है। नरसेना थाना क्षेत्र के थाना गजरौला माजरा माली की मढिया से अमरोहा जनपद के गांव वीरामपुर तक गंगा नदी पर 1062 मीटर लंबा पुल बनाया जा रहा है। शुक्रवार देर शाम करीब दस बजे पुल के तीन बीम धराशाई हो गए।

गनीमत रही कि कोई मजदूर हादसे का शिकार नहीं हुआ। क्षेत्र वासियों का आरोप है कि पुल के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था। पुल को मिट्टी खोदकर दबाने का कार्य शुरू कर दिया गया था। लेकिन सूचना पाकर क्षेत्रवासियों ने मौके पर जाकर कार्य को रुकवा दिया। जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश का कहना है कि शुक्रवार रात में ही तीन बीम का निर्माण हुआ था। रात को मौसम खराब होने के कारण तीनो बीम गिर गए। लेकिन फिर भी हमने इसमें बुलंदशहर के सीडीओ की अध्यक्षता में जांच कमेटी बना दी है और गुणवत्ता अगर सही नहीं पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

सेतु निगम अधिकारी डीपीएम शशि भूषण ने बताया कि राज्य योजना के तहत 83 करोड रुपए की लागत से 1062 मीटर लंबे पुल का निर्माण कराया जा रहा था बीम गिरने की शिकायत मिली है टीम गठित कर जांच कराई जा रही है दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जगपाल सैनी, गंगाशरण सैनी, विकास भाटी, लीलू नगर, दुवेश आदि सैकड़ो क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# छतारी में हरे भरे पेड़ों पर वन माफियाओं का चला आरा

## वन विभाग और पुलिस ने मौके पर पकड़ी लकड़ी और गाड़ी

तेजयुग न्यूज/विकास त्यागी

**बुलंदशहर :** छतारी थाना क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों को वन माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से काटा जा रहा है। कुछ दिनों पहले छतारी क्षेत्र में सागौन के लगभग 90 पेड़ों को काट दिया गया था। कहीं ना कहीं विभाग की लापरवाही या नचीलेपन का नतीजा सामने इसलिए आ रहा हैं क्योंकि कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती हैं। इसलिए ही वन माफिया बेखौफ होकर हरे पेड़ों पर आरा चला रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार पेड़ों को काटने पर कितना भी रोक लगा लें लेकिन हरे पेड़ों के अवैध कटान पर लगाम नही लग पा रहा है आखिर किस की सह पर इतना बड़ा कटान कैसे हो रहा है वन माफिया आये दिन ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों पर आरा चल रहा है। आम, जामुन, सागौन, शीशम जैसे पेड़ों को वन माफिया अपने निजी स्वार्थ तथा धन अर्जित करने के लिए इन पेड़ों पर आरा चलाने से बिल्कुल भी परहेज़ नही करते है। ऐसा ही एक मामला 29 मार्च को देखने को मिला जहां लगभग तीन जामुन के पेड़ों को काटा गया मौके पर




पहुंची वन विभाग टीम ने पिकअप पी13 सीटी5113 लकड़ी सहित को अपने कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाही की बात कही हैं।

लेकिन डीएफओ विनीता सिंह ने जब से बुलंदशहर का चार्ज संभाला हैं तभी से वन माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए प्रति पेड़ पर कम से कम तीन हजार और पांच रुपए का जुर्माना और लकड़ी सहित वाहन मौके पर पकड़े जाने पर 80 से 90 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जानें के बाद से लकड़ी माफियाओं में खलबली मचा रखी हैं। लेकिन अरनिया रेंज में ऐसी कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिलती हैं। पूर्व में पहासू क्षेत्र के फजलपुर से नगला रंजीत जाने वाले रास्ते पर लगभग 18 जामुन काटी गई थी लेकिन विभाग ने जुर्माना करने की तो बात कहीं लेकिन यह स्पष्ट नहीं बताया कि कितना जुर्माना किया गया हैं। लेकिन सूत्रों के अनुसार 18 पेड़ों पर 25 हजार का जुर्माना वसूला गया हैं ऐसी जानकारी मिली थीं। अगर बुलंदशहर डीएफओ विनीता सिंह ने प्रति पेड़ पांच हजार जुर्माना वसूलने की बात कहीं गई थी तो 18 पेड़ों पर 25 हजार का जुर्माना क्यों यह एक विभाग के लिए सवाल खड़ा करता हैं कि आधार पर 18 पेड़ों पर 25 हजार का जुर्माना किया गया हैं।

### इनका क्या कहना है

जब मामले की जानकारी बुलंदशहर डीएफओ विनीता सिंह से ली गई तो उन्होंने कहा क्षेत्रीय रेंजर से जानकारी लेने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

अब देखना यह है कि वन माफियाओं द्वारा छतारी में काटे गए जामुन के तीन पेड़ों पर जुर्माना होता हैं या पकड़ी गई गाड़ी पर जुर्माना या एफआईआर होती हैं। कस्बा छतारी के बैरमनगर रोड स्थित खेत में हरे जामुन के पेड़ों पर आरा चला दिया मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वन माफियाओं के दो व्यक्तियों को पकड़ लिया और थाने ले गए वन विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में हुई कार्यवाही के विषय में जानकारी लेना चाहा तो उन्होंने इस संबंध में गोलमोल बात करते हुए बात को घुमा दिया। संतुष्टिपूर्ण जवाब नही दिया। ऐसे नचीलेपन से ही वन माफियाओं के हौंसले बुलंद हैं। इस मामले में किया कड़ी कार्रवाई की जायेगी या हल्का जुर्माना करके मामले को टाल दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव को लेकर हाफिजपुर पुलिस व पंजाब पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**हापुड़/अनुज चौधरी :** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 व जनपद में कानून एवं शांति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना हाफिजपुर पुलिस व पंजाब पुलिस की महिला बटालियन द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च किया गया।

### रवि गौतम को यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर बनने पर उनके द्वारा जिलाधिकारी हापुड़ से भेंट की



**हापुड़/अनुज चौधरी :** कलेक्ट्रेट हापुड़ में तैनात स्टाम्प लिपिक श्री नेपाल सिंह के बेटे रवि गौतम को यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर बनने पर उनके द्वारा जिलाधिकारी हापुड़ से भेट की गयी। जिलाधिकारी हापुड़ द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी गयी।

### लोकसभा चुनाव को लेकर बहादुरगढ़ पुलिस अलर्ट



**हापुड़/अनुज चौधरी :** थाना बहादुरगढ़ प्रभारी ने भारी पुलिस फोर्स के साथ किया फ्लेगमार्च लोकसभा चुनाव को लेकर थाना बहादुरगढ़ प्रभारी सुरेश कुमार सिंह क्षेत्र में द्वारा अपने थाना क्षेत्र में पुलिस फ्लैग मार्च किया गया

### बाबूगढ़ पुलिस ने पशु चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, मिली नकदी



**हापुड़/अनुज चौधरी :** हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने पशु चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से पशु बेचकर प्राप्त 7,200/- रूपये नकदी बरामद।

### हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**हापुड़/अनुज चौधरी :** हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद।

# पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से 04 अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार

तेजयुग न्यूज/अनुज चौधरी

**हापुड़ :** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से 04 अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार। जिनके कब्जे से करीब 40 किलोग्राम अवैध गांजा (कीमत लगभग 12 लाख रुपये) व घटना में प्रयुक्त 02 स्कूटी बरामद। गिरफ्तार अभियुक्तगण अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य से अवैध गांजा तस्करी कर उ0प्र0 के विभिन्न जनपदों एवं दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई कर आर्थिक लाभ कमाते थे।



# आलमनगर नहर मंदिर के पास रजवाहे की पुलिया के नीचे अज्ञात महिला का शव



**बहादुरगढ़ :** थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ क्षेत्र में समय करीब 15.00 बजे आलमनगर नहर मंदिर के पास रजवाहे की पुलिया के नीचे बहते हुए पानी में एक अज्ञात महिला उम्र करीब 45 वर्ष का शव मिला है जिसकी अभी तक सिनाख्त नहीं हो पाई है महरूम रंग का सूट सलवार पहने हुए हैं पहचान हेतु शव हापुड़ मोर्चरी में रखवा दिया गया है, दोहरा शरीर, कद करीब 5 फिट 2इंच है, दाहिने हाथ में सफेद धातु की तीन अंगूठी पहने हैं, अनुरोध है कि पहचान होने पर थाना बहादुरगढ़ के मोबाइल नंबर 9454403408, 8630699178 पर सूचना देने की कृपा करें।

# अवैध शस्त्र रखने के तीन आरोपियों को तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा

तेजयुग न्यूज/विकास त्यागी

**बुलंदशहर :** अभियुक्त 1-सतपाल उर्फ पप्पू पुत्र खेमचन्द 2-महेश उर्फ लाला पुत्र खेमचन्द 3-जितेन्द्र पुत्र जिले सिंह निवासीगण शफीनगर थाना अहार जनपद बुलन्दशहर को वर्ष-2013 में थाना अहार पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में 09.10.2013 को थाना अहार पर क्रमशः मुअसं-55/13 धारा-25/27 आर्म्स एक्ट, मुअसं 56/13 धारा 25 आर्म्स एक्ट व मुअसं 57/13 धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।



पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इन अभियोगो को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध तीन गवाह परिक्षित हुए। जिसके परिणामस्वरुप आज शनिवार को न्यायालय एडीजे अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त सतपाल उर्फ पप्पू महेश उर्फ लाला व जितेन्द्र को 03-03 वर्ष का कारावास व 2,000-2,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक अजीत कुमार सक्सैना का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# नई शिक्षा सत्र में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए अभिभावकों की भाग दौड़ हुई शुरू

## महंगी किताबें खरीदने की मजबूरी, कमीशन के खेल में लुट रहे अभिभावक, स्कूलों में लगी निजी प्रकाशकों की किताबें

तेजयुग न्यूज/राजेंद्र सिंह

**बुलंदशहर/शिकारपुर :** स्कूल और पुस्तक विक्रेताओं ने अभिभावकों की जेब को फिर से काटना शुरू कर दिया है। इस बार भी अधिकतर स्कूलों में एनसीईआरटी की जगह मनमाने प्रकाशन की किताबें लगाई है।

मोटी फीस और किताबों में स्कूल ड्रेस के नाम पर कमीशन खोरी से अभिभावकों की कमर टूट रही है। उच्च शिक्षा की तो बात क्या है। पढ़ाई की शुरुआत करने वाले बच्चों पर भी इतना खर्च हो रहा है कि घर का दूसरा खर्च एक तरफ और 1 महीने की फीस तथा काफी किताबों की कीमत एक तरफ स्थिति किसी से छिपी नहीं है। इसके बावजूद विभाग और सरकार की खामोशी समझ से परे है एक तरफ शिक्षा को हर किसी तक पहुंचाने के लिए शिक्षा का अधिकार जैसे कानून लागू हो रहे हैं और दूसरी तरफ शुरुआत की सामान्य पढ़ाई की पहुंच से बाहर हो रही है। नई शिक्षा सत्र मैं अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए अभिभावकों की दौड़ शुरू हो गई है।

इन दिनों स्कूलों में दाखिला का दौर चल रहा है। ऐसे में दाखिला फीस स्कूल ड्रेस कॉपी किताब और बस्ते के खर्च को मिलाकर हिसाब किताब की जो लिस्ट अभिभावकों को मिल रहे हैं



उसे देखकर तो दिन मैं ही तारे नजर आ रहे हैं और पैरों के नीचे से जमीन खिसक रही हैं। नए पर से कई स्कूलों ने फीस भी बढ़ा दी है। तो ऐसे में वह भी बढ़ना तय है। महंगाई ने पहले से ही जीना मुहाल किया हुआ है ऐसे में शिक्षा के बढ़ते खर्चा ने तो हर किसी के होश उड़ा दिए हैं।

नई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें लगाना अनिवार्य है प्रत्येक बच्चा पढ़ सके इसके लिए सरकार ने एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद) की किताबें लगाने के आदेश दिए थे इस प्रकाशन की किताबों की कीमत सरकार ने निर्धारित की हुई है सरकार के सख्त निर्देशों के बाद भी अधिकारी और स्कूल प्रबंधन निजी प्रकाशकों के साथ मिलकर कमीशन खोरी का खेल खेल रहे हैं। हालात यह है कि लगातार बढ़ती महंगाई से लोगों के लिए बच्चों को पढ़ाना मुश्किल होता जा रहा है।

### खुली किताबों की बजाय किट बनाकर हो रहा वितरण

किताब विक्रेताओं ने लूट के लिए कोर्स के किट बनाकर तैयार कर लिए हैं। स्केट में किताब का अपनों के साथ ही स्टेशनरी का सामान भी दिया जा रहा है। शासन की ओर से निजी स्कूलों पर कोई अंकुश नहीं होने के कारण स्कूलों द्वारा अभिभावकों को तय दुकानों से ही काफी किताबें खरीदने को मजबूर किया जाता है जहां प्रिंट रेट पर ही किताबें मिलती हैं। जब अभिभावक एक या दो किताब मांगते हैं तो उन्हें टरका दिया जाता है और पूरी किट लेने के लिए विवश किया जाता है।